प्रेस विज्ञप्ति / Press Release **4 जनवरी / January, 2020**

वाराणसी में महिला सूक्ष्म उद्यमियों के हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए सिडबी द्वारा 'स्वावलंबन उत्सव - प्रगति की उड़ान' का शुभारंभ

SIDBI launches 'SWAVALAMBAN UTSAV – Pragati Ki Udaan' for promoting handicraft products of Women Micro Entrepreneurs in Varanasi

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास में संलग्न शीर्ष संस्था भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने वाराणसी, उत्तर प्रदेश के सांस्कृतिक संकुल में महिला सूक्ष्म उद्यमियों के हस्तशिल्प उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए आज स्वावलंबन उत्सव - प्रगति की उड़ान का शुभारंभ किया है। यह दो दिवसीय कार्यक्रम मिशन स्वावलंबन के तहत सिडबी की एक और पहल है और इसका उद्देश्य ग्रामीण महिला सूक्ष्म उद्यमियों को वाराणसी में व्यापारियों और आम जनता को अपने हस्तशिल्प उत्पादों को बेचने के लिए एक विपणन मंच प्रदान करना है।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the apex financial institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small & Medium Enterprises (MSMEs), SIDBI has launched 'SWAVALAMBAN UTSAV – Pragati Ki Udaan' today for promoting handicraft products of Women Micro Entrepreneurs at Sanskritik Sankul, Varanasi, Uttar Pradesh. The two-day event is yet another initiative of SIDBI under mission Swavalamban and aimed at providing a marketing platform to rural women micro entrepreneurs to sell their handicraft products to traders and general public in Varanasi.

इस कार्यक्रम का उद्घाटन भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफा, आईएएस द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि "एक स्वावलंबी के रूप में महिला उद्यमियों के क्रमिक विकास का उत्सव मनाते हुए हम हर्ष का अनुभव करते हैं। हमारे मिशन स्वावलंबन का उद्देश्य विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं, महिलाओं और असेवित / अल्प-सेवित घटकों के बीच उद्यमिता को प्रेरित करना है। ये आदर्श उद्यमी आकांक्षी भारत के लिए एक प्रेरणा

हैं। गृहिणी से रूपांतरित होते हुए महिला उद्यमी बनने के उनके अदम्य उत्साह की हम सराहना करते हैं। आज जब हम उन्हें बाजार से जोड़ रहे हैं, तो हमें इस बात का हर्ष है कि वित्तीय साक्षरता से लेकर उद्यम स्थापित करने और क्रेडिट कनेक्ट से अब बाजार से जुड़ने तक का एक उद्यम विकास चक्र पूर्ण हुआ है"।

The inauguration was done by Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman & Managing Director, Small Industries Development Bank of India. "We are excited to celebrate evolution of women entrepreneurs as Swavalambis. Our mission Swavalamban aims to kindle entrepreneurship among youth, women and unserved/underserved segments especially from the rural areas. These role model entrepreneurs are inspiration for aspirational India. We appreciate their zeal to evolve from homemakers to women entrepreneurs. Today when we connect them to the market, we are glad to have achieved an enterprise development cycle of financial literacy to setting up enterprise to credit connect and now market linkage," said Shri Mustafa.

इस कार्यक्रम में 500 महिलाओं, सूक्ष्म उद्यमियों द्वारा बनाए गए जूट की वस्तुओं, लकड़ी के शिल्प आदि सहित हस्तकला और अन्य उत्पाद शामिल हैं। ये वे महिलाएं हैं जिन्होंने सिडबी के प्रयोगिक कार्यक्रम के तहत यूनाइटेड किंगडम सरकार और उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन के साथ साझेदारी में महिला उद्यमिता संवर्धन हेतु क्षमता निर्माण, पथप्रदर्शन, क्रेडिट और बाजार सहबद्धता द्वारा समर्थन प्राप्त किया है। उत्तर प्रदेश के गाजीपुर और वाराणसी में महिला उद्यमी सशक्तिकरण का यह कार्यक्रम लागू किया गया। यह प्रयोग 9000 से अधिक महिला उद्यमियों तक पहुंच गया। यह आयोजन इन महिला उद्यमियों के क्रमिक विकास के उत्सव का प्रतीक है। इस आयोजन में उन मिसाल पेश करने वाली / आदर्श महिला सूक्ष्म उद्यमियों का सम्मान किया गया जिन्होंने सूक्ष्म उद्यम की स्थापना / संवर्धन में अपनी क्षमता और सामर्थ्य का प्रदर्शन किया है।

The event features handicraft and other products including jute items, wooden crafts etc. made by 500 women micro entrepreneurs who have received capacity building, handholding, credit and market linkages support under SIDBI's pilot program in partnership with UK Government and Utkarsh Welfare Foundation for promoting women entrepreneurship i.e. Mahila Udyami Sashaktikaran Program implemented in Ghazipur and Varanasi of Uttar Pradesh. The pilot reached out to more 9000+ women entrepreneurs. This event marks the celebration of evolution of these women entrepreneurs. The event included felicitation of illustrative/role model women micro entrepreneurs who have exhibited resilience and strength in establishing/scaling their micro enterprises.

श्री गोविंद सिंह, प्रबंध निदेशक और सीईओ, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड और निदेशक उत्कर्ष वेलफेयर फाउंडेशन भी अन्य प्रमुख हितधारकों के साथ इस कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस

कार्यक्रम के दौरान लीड बैंक, गैर-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी (एनबीएफसी), माइक्रोफाइनेंस इंस्टीट्यूशंस (एमएफआई), ट्रेडर्स एसोसिएशन और जिला प्रशासन के अधिकारी व आम जन उपस्थित थे।

Shri Govind Singh, MD & CEO, Utkarsh Small Finance Bank Limited and Director Utkarsh Welfare Foundation was also present at the event along with other lead stakeholders. Lead banks, Non-Banking Financial Companies (NBFCs), Microfinance Institutions (MFIs), Traders Associations and District Administration officials were also present during the event apart from the general public. The event saw participation of more than 700+ women entrepreneurs.

सिड्बी के बारे में: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। अधिक जानकारी के लिये कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in/ पर जाएँ।

About SIDBI: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements.
For more information, please visit: https://www.sidbi.in/

मीडिया संपर्क: नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249 ई मेल: neelasrib@sidbi.in
Media contact: Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in